
# भाजपा विकास के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती : राजकुमार रोत

उदयपुर, (कासं)। भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) के स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को अशोक नगर स्थित विज्ञान समिति सभागार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बांसवाडा सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, केवल और केवल धर्म के नाम पर राजनीति करना चाहती है।

अशोकनगर स्थित विज्ञान समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम के बाद

- बाप पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम, सैकड़ों आदिवासी युवाओं ने लिया भाग
- भाजपा सासंद रावत भड़काऊ बयान देकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं : रोत

सैकडो कार्यकर्ताओ के साथ जिला कलेक्ट्री पहुंच रोत ने भजनलाल सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दे भाजपा के आदिवासी विरोधी रवैये पर रोक लगाने की मांग की।



कलेक्ट्री के बाहर बाप पार्टी के प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत।

कलेक्ट्रेट पर सभा को संबोधित करते हुए राजकुमार रोत ने उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रावत उन आदिवासियों के घर जलाने की बात कर रहे है जो कि बाप पाटी से जुड रहे हैं। इसकी शिकायत प्रशासन से की गई लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होने से लसाडिया में माहौल बिगडा और वहां पर बाप पार्टी के विधायक सहित कार्यकर्ताओं के मारपीट हुई। रोत ने यह भी कहा कि सांसद रावत के खिलाफ जो शिकायत की है उस पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए,ताकि आगे इस तरह के भडकाउ नहीं दे सकें।

रोत ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, इसके अलावा आदिवासी इलाकों में बेराजगारी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में जो कमिया है उन पर बात न करके केवल और केवल धर्म के नाम पर राजनीति करना चाहती है इससे माहौल बिगड रहा हैं और अब तो उनकी पार्टी के लोग ही उनके खिलाफ बोलने लगे हैं। भाजपा और बाप पार्टी के बीच गठबधंन को लेकर सासंद राजकुमार रोत से पूछे गए सवाल पर रोत ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी को राजकुमार रोत अच्छा लगता है लेकिन प्रदेशाध्यक्ष को रोत खराब लगता हैं। रोत ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लडने की मंशा जाहिर की। रोत ने कहा कि भाजपा में ही विरोधाभास है तो कैसे गठबधंन हो सकता हैं।

## सार-समाचार

### मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। अंबामाता थाना पुलिस ने ताला तोड़ कर दुकान से मोबाईल चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित ओमाराम पुत्र रामलाल गोदारा निवासी बडगांव ने अम्बामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें पीडित ने बताया कि बडगांव में देव मोबाईल नाम से मेरी दुकान है। घटना वाली रात में दुकान बंद कर घर गया। दूसरे दिन पहुंचा तो ताला टुटा हुआ एवं अंदर सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो नये पुराने मोबाईल व गल्ले से नकदी गायब थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी प्रेम गमेती उर्फ प्रेमलाल पुत्र भंवरलाल निवासी वासखेड़ा ओगणा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए गए 8 मोबाईल बरामद किए। पुलिस इससे पूर्व सोहन लाल पुत्र धर्माराम कपाया निवासी उन्दराफला घोला नेरा ओगणा तथा शैलाराम पुत्र सोपाराम गमेती निवासी वास खेड़ा वीरपुरा ओगणा को पूर्व में गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए 8 मोबाईल बरामद कर चुकी है। जिनसे पूछताछ के आधार पर प्रेम गमेती उर्फ प्रेमलाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी सोहन लाल व शैलाराम गमेती के साथ मिल कर आरामशीन के पास बडगांव स्थित मोबाईल दुकान से भी मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया। प्रेमलाल के खिलाफ 4 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जबकि पूर्व में गिरफ्तार सोहनलाल के खिलाफ उदयपुर व राजसमन्द जिले के पुलिस थानो में 8 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस आरोपियों से अब तक 16 मोबाईल बरामद कर चुकी है।

### उदयपुर टीम ने 15 पदक जीते

उदयपुर, (कासं)। अलवर के ओर्चिड रिसोर्ट के सभागार में संपन्न हुई 29 वीं राजस्थान राज्य सीनियर,जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला बेंच प्रेस प्रतियोगिता में उदयपुर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण,तीन रजत एवं चार कांस्य पदक सहित कुल पन्द्रह पदक जीते। जिला पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव विनोद साहू ने बताया कि उदयपुर के अन्तर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर गौरव साहू ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेते हुए कुल 117.5 किलो वजन उठाकर जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया एवं सीनियर वर्ग में भाग लेते हुए रजत पदक जीत, गौरव ने कुल दो पदक जीते। 69 किठाा भारवर्ग में पायल नलवाया ने सीनियर वर्ग में रजत पदक एवं मास्टर वन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 83 किठाा जूनियर वर्ग में सौरभमल ने रजत पदक,ए 93 किलो जूनियर भार वर्ग में विशाल प्रजापत ने कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला वर्ग में 63 किठाा भारवर्ग में प्राची सोनी ने 77.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वही 47 किलोग्राम जूनियर भार वर्ग में मानसी शर्मा ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर महिला वर्ग में 47 किग्रा भार वर्ग में साधना खोईवाल ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि पुरुष सब-जूनियर वर्ग में चौधरी कुलदीप ने 105 किठाा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। मास्टर टू वर्ग में 66 किठाा में प्रदीप सिंह झाला ने स्वर्ण पदक, 74 किठाा मास्टर टू वर्ग में राहिल अहमद शेख ने स्वर्ण पदक जीता। 74 किठाा मास्टर फोर वर्ग में हरीश चावला ने स्वर्ण पदक व 83 किठाा मास्टर फोर वर्ग में ओम सिंह चौहान ने स्वर्ण पदक जीता। 74 किठाा मास्टर वन भार वर्ग में सूरज गहलोत ने 100 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता।

### मानसी वाकल व आकोदड़ा डेम का निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा और जलाशयों में हो रही आवक के मद्देनजर जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल मंगलवार को झाड़ोल दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में प्रमुख बांध मानसी वाकल एवं आकोदड़ा डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्षाकाल के दौरान केचमेंट में हुई अच्छी बारिश का जायजा लेते हुए इन दोनों बांधों की भराव क्षमता, इनके जल आवक मार्ग, यहां से निकलने वाली जलराशि, क्षेत्र में जलापूर्ति आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बांधों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने, बांध के पास वाले क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, ग्रामीणों को बहाव क्षेत्र से दूर रहने के प्रति सावचेत करने आदि के निर्देश दिए।

### श्रमिक की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। एमबी चिकित्सालय में उपचाररत श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापगढ युपी हॉल कानपुर रिलाईन्स फेक्ट्री क्वार्टर निवासी गैंदलाल (35) श्रीराजाराम की उपचार के दौरान मौत हो गई। गेंदलाल कानपुर रिलाईन्स फेक्ट्री में मजदूरी करता था एवं 7 सितंबर रात में ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए मबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मंगलवार सांय मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टैबल मोहनलाल ने मृतक का शव मोर्चरी में रखवाया है जिसका परिजनों के आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम होगा।

### विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट की

उदयपुर, (कासं)। पीएमश्री राजकीय फतह उमावि उदयपुर के खेल प्रभारी व्याख्याता शारीरिक शिक्षा डॉ धर्मेंद्र सिंह शक्तावत द्वारा फिजिकल एजुकेशन शारीरिक शिक्षा द्वारा शिक्षा विभाग से पीडीएफ के रूप में प्राप्त शिक्षण सामग्री क्लास 12 की पुस्तक स्वयं के स्तर पर तैयार कर विद्यार्थियों को भेंट की प्रधानाचार्य चेतन पानेरी एवं विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति सचिव गोपाल सिंह आसोलिया द्वारा छात्रों को वितरण की उनके सहयोगी रहे दिग्विजय सिंह राणावत गोवर्धन सिंह जाला शारीरिक शिक्षक डॉ महेश्वर पाल सिंह डॉ सतीश चौधरी प्रेम शंकर जाटव विजेंद्र कुलदीप आदि का भी सहयोग रहा।

### सोनू माथुर सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान के सलूंबर जिले के महाराणा प्रताप इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या सोनू माथुर को नई दिल्ली स्थित अंतरर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा द इण्डियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ, कृष्ण मेनन सभागार में स्वर्ण पदक, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं नेपाल की राजकीय टॉपी पहनाकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को नेपाल के पूर्व उपराष्ट्रपति परमानंद झा और पूर्व प्रधानमंत्री उपेन्द्र यादव द्वारा माथुर द्वारा विद्यालय में किए गए नवाचारों के लिए प्रदान किया।

# विक्र रोड सेफ्टी स्टिकर का विमोचन



विक्र स्मार्ट स्टिकर का विमोचन करते अतिथि।

- विक्र स्मार्ट स्टिकर दुर्घटना की स्थिति में परिवारजनों को तुरंत सूचना देगा

उदयपुर, (कासं)। भारतीय सर्व धर्म संसद के वरिष्ठ धर्म गुरुओं के सम्मान में मोहनलाल सुखाडिया विवि के प्रांगण में विक्र रोड सेफ्टी स्टिकर का विमोचन किया गया। यह स्टिकर सडक सुरक्षा और पार्किंग की समस्याओं को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में प्रस्तुत किया गया।

विक्र स्मार्ट स्टिकर सडक सुरक्षा के क्षेत्र में एक नवीनतम इनोवेशन है, जिसका उद्देश्य सडक दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करना है। स्टिकर की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं। विक्र स्मार्ट स्टिकर दुर्घटना की स्थिति में परिवारजनों को तुरंत सूचना प्रदान करता है। इससे उन्हें तत्काल सहायता प्राप्त करने में सुविधा होती है और समय पर इलाज किया जा सकता है। दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस चालक विक्र स्टिकर को स्कैन करके दुर्घटनाग्रस्त वाहन चालक की मेडिकल डिटेल और परिवारजनों के संपर्क नंबर तुरंत प्राप्त कर सकता है। यह प्रक्रिया न केवल दुर्घटना के स्थान पर त्वरित इलाज को सुनिश्चित करती है, बल्कि मेडिकल आपातकालीन सेवाओं की सटीकता भी बढाती है। यह स्टिकर ब्लैक स्पॉट पर भी प्रभावी ढंग से काम करता है, जिससे सडक पर दुर्घटनाओं के संभावित जोखिम को कम किया जा सकता है।उदयपुर की जनता द्वारा विक्र स्मार्ट स्टिकर को सराहा है। स्टिकर की सुविधा और उपयोगिता को लेकर लोगों के बीच उत्साह देखा जा रहा है। वर्तमान में, विक्र स्मार्ट स्टिकर को लगाने की काफी मांग उत्पन्न हो गई है। यह स्टिकर अब टू व्हीलर, फोर व्हीलर और कमर्शियल व्हीकल्स पर लगवाने की योजना बनाई जा रही है।

## एमजी कॉलेज में मीरा भजन कार्यशाला

उदयपुर, (कासं)। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में संत मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर कला धरोहर श्रृंखला के तहत मीरा भजन कार्यशाला का आयोजन 11 व 12 सितंबर को 11 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। भारत सरकार संत मीरा बाई की 525 वीं जयंती मना रही है।

इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा के नेतृत्व में पूरे भारत में संत मीरा बाई पर केंद्रित कला धरोहर श्रृंखला का आयोजन कर रही है। संगीत नाटक अकादमी की पहल कला धरोहर श्रृंखला का उद्देश्य भारतीय प्रदर्शन कलाओं के प्रति विद्यार्थियों के ज्ञान को बढाना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति का समर्थन करना है। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय कलाओं के प्रति जागरूक करने और निकट लाने के लिए व्याख्यान प्रदर्शन, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## टक्कर में कार क्षतिग्रस्त

उदयपुर, (कासं)। जिले के पहाडा थाना क्षेत्र में असारीवाडा रोड पर मंगलवार को एक स्कूल बस और कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। कार का बोनट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। थानाधिकारी गणपति सिंह ने बताया कि रोड पर टर्न लेते वक्त कार और बस की आपस में टक्कर लगी। स्कूल बस खाली थी और ड्राइवर स्कूल के बच्चों को लेने जा रहा था। बस टकराकर रोड से नीचे उतर गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

# डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने वाला एजेंट गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। कुशलगढ़ थाना पुलिस ने अध्यापक भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने वाले एजेंट को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी सवाईसिंह ने बताया कि बागीदौरा वृत्ताधिकारी विनय चौधरी ने रिपोर्ट दी कि उन्हें गोपनीय परिवाद प्राप्त हुआ कि संतोष पुत्र कानहेंग सुरावत निवासी रुपाखेड़ा हाल प्रधानाध्यापक रा.प्रा.वि. हाथिया दिल्ली पीओ बगायचा पुलिस थाना कुशलगढ़ व सुमित्रा कुमारी अड पुत्री कलसेंग अड निवासी लोहारिया बड़ा पीओ लोहारिया बड़ा ने वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय 2018 की परीक्षा में अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण कर नौकरी पा ली। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान का जिम्मा थानाधिकारी सवाई सिंह को सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजीपी एस. परिमला ने जांच के विशेष निर्देश दिये जिस पर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में एएसपी राजेश भारद्वाज, कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह व बागीदौरा वृत्ताधिकारी विनय चौधरी के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गयी। टीम ने सुमित्रा कुमारी अड हाल प्रधानाध्यापक राप्रावि नवापाडा पीओ लोहारिया बड़ा थाना कुशलगढ़ को 24 अगस्त को गिरफ्तार कर अनुसंधान किया तो डमी केंडिडेट के माध्यम से चयन करवाने का सौदा सकन सिंह खड़िया पुत्र हुरतेंग खड़िया निवासी बगायचा से होना पाया।

## सार-समाचार

### दो बदमाश सहित चार गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकानों से विद्युत वायर चोरी करने वाली गैंग के दो बदमाशों व दो खरीददारों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया। प्रकरण के अनुवसार 1अगस्त को पीडित विनोद कुमार प्रजापत पुत्र रामलाल निवासी माहासिंह का खेड़ा दिवेर राजसमन्द हॉल तलेसरा मार्बल के पिछे अंबेरी बोरों का गुड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं प्रदीपसिंह सांगावत के निर्माणाधीन मकान बोरों का गुड़ा पर चौकीदारी करता हूं। 31 जुलाई रात में गश्त देने के बाद सो गया था। दूसरे दिन जाग होने पर देखा तो मकान में रखा 69 बंडल केबल वायर गायब था। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल सुनिल विश्नोई मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रवीण गमेती पुत्र शंकरलाल गमेती निवासी काड़ा थाना ओगणा हॉल रंगास्वामी कॉलोनी बडगांव तथा बेलु उर्फ वेलाराम ननामा पुत्र देवीलाल निवासी बडा भीलवाड़ा बिच्छीवाड़ा फलासिया को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों के बताए अनुसार माल खरीददार विक्रमसिंह चौहाननिवासी ब्रम्हपोल गमेमियों की गली हॉल गोरोला नाई तथा इरफान हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन निवासी किशनपोल खांजीपीर को बेचना बताया। इस पर दोनों ने माल खरीदना बताया तो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर 66 बंडल केबल बरामद किया।

### चोरी का माल बरामद

उदयपुर, (कासं)। मकान से जेवरात व नकदी चोरी करने वाले को को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बालिका को डिटेन किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया। प्रकरण के अनुसार 5 सितंबर को पीडिता राजेश जैन पुत्र गणेशलाल जैन निवासी आदिनाथ नगर फतहपुरा अम्बामाता पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि फतहपुरा में मेरा मकान है जहां एक लडकी आती थी। मेरे घर से कुछ सामान सोने, चांदी के जेवरात व नकदी चोरी हो गई है। घर आने वाली लडकी पर चोरी करने की आशंका है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राहपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर विधी से संघर्षरत बालिका को डिटेन कर पूछताछ की तो उसने गोतम शर्मा पुत्र कुंदनलाल शर्मा निवासी रावजी का हाटा घंटाघर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आदिनाथ नगर निवासी राजेश जैन के घर आना जाना रहता है। इसय दौरान सोशल मीडिया पर आरोपी गोतम से संपर्क हो गया। जिससे बातचीत होने के बाद सोने चांदी के जेवरात व नकदी चोरी की। इस पर आरोपी को गोतम को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 5 लाख 50 हजार रूपये का चोरी किया माल, चोरी के पैसे से खरीदी गई बाइक बरामद की।

### 500 से अधिक मोबाइल बरामद

उदयपुर, (कासं)। ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत उदयपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी हुए और खोए हुए 548 मोबाइलों को पुलिस ने रिकवर किया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि जिले के सभी थानाधिकारियों को एंटीवायरस ऑपरेशन चलाने के निर्देश दिए थे। एंटीवायरस अभियान के तहत मोबाइल चोरी और गुमशुदगी की शिकायतों को सीईआईआर पोर्टल पर अपडेट किया गया। पोर्टल पर इन गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस दिखाए जाने पर पुलिस थानों के जवानों ने मोबाइल रिकवर करने की कार्रवाई की।गोयल ने बताया कि रिकवर किए कुल 548 मोबाइल में से 194 मोबाइल थानों पर परिवादियों को वितरित किए गए। वहीं शेष 354 मोबाइल फोन का वितरण मंगलवार को एसपी ने किया। एसपी ने बताया कि सबसे ज्यादा मोबाइल रिकवर अंबामाता थाना क्षेत्र में में 131 हुए। इसके बाद हिरणमगरी थाना पुलिस ने 62, सूरजपोल पुलिस ने 55, सुखेर थाने ने 52, घंटाघर ने 26, फतहनगर ने 23, भींडर ने 22, डबोक ने 22, गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने 20, खैरोदा थाना पुलिस ने 19, प्रतापनगर थाना पुलिस ने 18 और सविना व कानोड थाना पुलिस ने 17-17 मोबाइल रिकवर किए।

# तीसरे दिन भी पकड़ से दूर रहा आदमखोर तेंदुआ

- ट्रेप कैमरे व ड्रोन से की जा रही है आदमखोर तेंदुआ की तलाश
- एक बच्चे सहित तीन जनों को शिकार बना चुका है तेंदुआ

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले के झाड़ोल उपखण्ड में नेशनल हाईवे-58 ई के पास कीरट वनखंड में महिला को मारने वाले लेपर्ड का मंगलवार को तीसरे दिन तक पता नहीं लग पाया है। वन विभाग की रेस्क्यू टीम जंगल के आस-पास लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। ड्रोन की मदद से लेपर्ड (तेंदुआ) की लोकेशन पता की जा रही है, हालांकि जंगल में विजिबिलिटी कम होने से दिक्कत आ रही है। संभावित जगहों पर पिंजरा भी लगाया गया है।

पहाड़ी पर लंबी घास होने से लेपर्ड के दिखने में मुश्किल हो रही है। वन विभाग की टीम पहाड़ी की चोटी पर बैठकर जंगल में निगरानी बनाए हुए हैं। इसके साथ ही मूवमेंट देखने के लिए सात ट्रैप कैमरे लगाए गए है। इधर, ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार लकड़ी काटने गई महिला को एक तेंदुए ने अपना शिकार बनाया था। घटना तीन दिन पहले रविवार की है जब महिला रामली बाई पत्नी हरजीलाल अहारी निवासी मगवास लकड़ी काटने कीरट के जंगल में गई थी, जहां झाड़ियों में छिपे लेपर्ड ने उसे अपना शिकार बना लिया। सूचना पर वन विभाग और झाड़ोल थाना पुलिस पहुंची। महिला को जंगल में तलाशने की कोशिश की तो एक जगह झाड़ियों में महिला का शव पड़ा हुआ मिला, जिसमें धड़ और सिर अलग-अलग पड़े हुए थे।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। ग्रामीण परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मुआवजे की मांग पर अड़ गए थे। पांच घंटे समझाइश और आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ था। उल्लेखनीय है कि बीते तीन महीने इस क्षेत्र में लेपर्ड एक महिला और बच्चे सहित तीन जनों को शिकार बना चुका है।

# जनजाति महोत्सव की तैयारी के शिविर स्थल का लिया जायजा

बांसवाड़ा, (निसं)। राज्य स्तरीय जनजाति महोत्सव की तैयारी के लिये शिविर स्थल का जायजा एवं विभागीय प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के लिये एकलव्य जनजाति खेल छात्रावास लोधा में जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से आवश्यक तैयारी से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जलदाय, चिकित्सा विभाग, नगर परिषद, अग्निशमन, सहकारी समिति, स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा तथा टीएडी

- शिविर स्थल व एडवेंचर बेस स्थल पर साफ-सफाई, सैनिटेशन आदि की जानकारी ली

विभाग के अधिकारीध्कार्मिक मौजूद रहे। राज्य स्तरीय जनजाति महोत्सव के आयोजन के संबंध में शिविर स्थल एवं एडवेंचर बेस स्थल पर साफ-सफाई, सैनिटेशन आदि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये गए। विद्युत संबंधी आवश्यक कार्यो जैसे अस्थाई बिजली कनेक्शन एवं बिजली के तार खींचने के लिये कार्य संबंधी जानकारी दी गई।



राज्य स्तरीय जनजाति महोत्सव की तैयारी के लिये शिविर स्थल का जायजा लेते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव व पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला।

जलदाय विभाग, नगर परिषद एवं पंचायत समिति तलवाडा ने प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण आरंभ से समापन तक 24 घंटे पानी के टैंकरों की व्यवस्था के लिये आश्वस्त किया। पीएमओ, चिकित्सा विभाग ने शिविर स्थल पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने एवं चिकित्सक की उपलब्धता, नगर परिषद ने शिविर स्थल पर साफ-सफाई, सैनिटेशन, समतलीकरण आदि के लिये समुचित व्यवस्था एवं दो चल शौचालय वेन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने, सहकारी समितियों के अधिकारियों ने प्रतिदिन पीने के पानी की व्यवस्था के लिये पानी के कैंपर की व्यवस्था करवाने तथा स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा के अधिकारियों ने प्रतिनियुक्त एवं सहभागिता करने वाले स्काउट गाइड्स ग्रुपों की सहभागिता के लिये आश्वस्त किया गया। कलेक्टर डॉ. यादव ने आवश्यक कार्यो को नियत समय से पूर्व ही पूर्ण करने एवं किसी प्रकार की असुविधा न हो इस संबंध में निर्देश दिए। साथ ही शिविर के दौरान 2० सितंबर को राज्यपाल के आगमन पर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# देहलीगेट पर नहीं भरेगा पानी, दो फीट और चौड़ा होगा नाला

उदयपुर, (कासं)। देहली गेट पर जल्द ही पानी भराव की समस्या से निजात मिलने वाली है। मंगलवार से पुराने नाले को तोड कर उसे चौडा करने के कार्य का भूमि पूजन शहर विधायक ताराचंद जैन एवं उपमहापौर पारस सिंघवी द्वारा किया गया।

नगर निगम निर्माण समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठारी ने बताया कि कई समय से देहली गेट पर वर्षा काल में पानी भरने की समस्या हो रही थी, इस समस्या को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने कई बार महापौर गोविंद सिंह टॉक के समक्ष अपनी समस्या रखी, जिस पर महापौर ने देहलीगेट कल्याण ज्वेलर्स से श्रमजीवी महाविद्यालय के सामने तक बने नाले को और अधिक चौडा कर उसके पुनर्निर्माण करने के आदेश दिए। देहली गेट पर निर्मित होने वाले नाले को सडक लेवल के अनुसार बनाया जाएगा जिससे कल्याण ज्वेलर्स के बाहर घुमाव पर अब रोड तीन से चार फीट और अधिक चौडा हो जाएगा जिससे यातायात व्यवस्था में भी सहायक होगा। वर्तमान में यहां नाला 1 से 2 फीट सडक लेवल से ऊपर है जिसको नीचा कर सडक लेवल तक किया जाएगा। नगर निगम निर्माण समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठारी ने बताया कि देहली गेट कल्याण ज्वेलर्स से श्रमजीव महाविद्यालय के सामने तक नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार को शहर विधायक ताराचंद जैन एवं उप महापौर पारस सिंघवी द्वारा किया गया। इस दौरान निगम पार्षद लोकेश गौड , मदन दवे, डॉ शिल्पा पामेचा, विजय आहूजा, रामजी साहू, सुनील व्यास, दीपक वसीटा आदि समाजसेवी भी उपस्थित रहे। अनिल अग्रवाल नाले का निर्माण नगर निगम द्वारा 16.57 लाख रुपए की लागत से करवाया जा रहा है। नाला कार्य संपूर्ण होने के पश्चात देहली गेट पर पानी भरने की समस्या से निजात मिलेगी। यह कार्य एक माह में संपूर्ण किया जाएगा।

नगर निगम निर्माण समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठारी ने बताया कि यह नाला बहुत पुराना हो चुका है। अशोकनगर जैसे इस नाले के भी धसने की संभावना हो रही थी। इसको लेकर महापौर ने जल्द ही इस कार्य को संपूर्ण करने की निर्देश दिए हैं। निर्देश की पालना में मंगलवार से कार्य प्रारंभ कर दिया गया।


COLLEGE OF DAIRY & FOOD TECHNOLOGY
Maharana Pratap University of Agriculture & Technology, Udaipur, 313001 (Raj.)
Ph.0294-2470139, 2470479 (O), E-mail-cdft2019@gmail.com
NIB No.CDFT/2024/open Tender/7894 Date: 10-09-2024

NOTICE INVITING BIDS

Sealed Bids are invited upto 11.00 AM of 23-09-2024 for procurement of Services for different works in CDFT on Job Basis:Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our website www.mpuat.ac.in or on State Public Procurement Portal website www.sppp.nic.in and may be downloaded/obtained from (Central Store) of our office on payment of Rs. 500/-payable through demand draft drawn in favour of DEAN, CDFT, MPUAT, Udaipur.

DEAN

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा
सं.न.पा.नाथ./90क/24/10822 लोक-सूचना दिनांक :9/9/2024

श्रीमती शैशवी चपलोत धर्मपत्नी श्री संजय चपलोत निवासी ठाकुरगढ़, एन.एच.8, सेवाली, राजनगर, जिला-राजसमन्द (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द जिला-नाथद्वारा | गुंजोल | 1536/804,1537/804,1538/804 | कुल रकबा 0.2972 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 9/9/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा